सोशल मीडिया सेल पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

कल दिनांक **16-08-2024** को देर रात्रि में थानाक्षेत्र चितईपुर अंतर्गत मनोज सेठ सर्राफा व्यापारी के ऊपर लूट करने की नियत से **02** अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा फायरिंग की गयी थी, जिससे मनोज सेठ के हांथ में गोली लगी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना चितईपुर में मु0अ0सं0- **46/2024** धारा- **109 (1) BNS** बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । जिसके सफल अनावरण हेतु उच्चाधिकारीगणों के आदेशानुसार पुलिस टीम गठित की गयी थी । जिसके सम्बन्ध में आज दिनांक- **17-08-2024** को डाफी थाना लंका क्षेत्रांतर्गत पुलिस टीम द्वारा घटना के सम्बन्धित दोनो अभियुक्तों **1.** चन्दन सिंह उम्र- **26** वर्ष पुत्र संजय सिंह, **02.** अंशु कुमार उम्र- **19** वर्ष पुत्र जंगबहादुर निवासीगण- पंचदेवरा, थाना- सैय्यदराजा, जनपद- चन्दौली को पुलिस मुठभेड़ में मात्र **16** घण्टे के अन्दर मुकदमें का सफल अनवारण करते हुए गिरफ्तार किया गया । तथा उनके पास से घटना में प्रयुक्त असलहा तथा मोटर साइकिल बरामद किया गया । दोनो अभियुक्तों को गोली लगी है जिनको उपचार हेतु स्वस्थ्य केन्द्र रवाना किया गया है।

@VnsDcp dcpkashivaranasi Dcp Kashi Varanasi